केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

**केमाशिबो /शैक्ष./उस(मंसिं)/2023** **दिनांक : 07.06.2023**
**परिपत्र संख्या: शैक्षणिक-68/2023**

**केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख**

**विषय: पीएन पणिक्कर राष्ट्रीय पठन दिवस, सप्ताह और माह 2023 समारोह के संबंध में।**

प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में मूलभूत शिक्षा के लिए पढ़ने को एक महत्वपूर्ण कौशल के रूप में रेखांकित किया गया है। इस दिशा में सामान्य जनता /विद्यालयों/डिजिटल पुस्तकालयों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है। पीएन पणिक्कर फाउंडेशन का इस क्षेत्र में अहम योगदान रहा है। पुस्तकालय आंदोलन के जनक दिवंगत पीएन पणिक्कर के सम्मान में 19 जून को पठन दिवस और अगले सप्ताह पठन सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। 19 जून 1996 को पठन दिवस समारोह के रूप में प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम, पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक जन आंदोलन बन गया है। 19 जून 2017 को, माननीय प्रधान मंत्री ने 22 वें राष्ट्रीय स्तर के पठन माह समारोह का शुभारंभ किया और 2022 तक देश के सभी नागरिकों के बीच 'पढ़ो और बढ़ो' के संदेश को प्रचारित करने का आह्वान किया।

28वां राष्ट्रीय पठन दिवस, 19 जून 2023 को मनाया जाएगा, इसके अगले सप्ताह पठन सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा और पठन माह 19 जून से 18 जुलाई 2023 तक मनाया जाएगा। पीएन पणिक्कर फाउंडेशन द्वारा हाइब्रिड मोड में विद्यालयों/महाविद्यालयों/पुस्तकालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन विचारोत्तेजक गतिविधियों का विवरण अनुलगनक I में उपलब्ध है।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, आपसे अनुरोध है कि पठन दिवस, पठन सप्ताह और पठन माह मनाने के लिए पीएन पणिक्कर फाउंडेशन द्वारा सुझाई गई गतिविधियों या अन्य गतिविधियों का आयोजन करें। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु विद्यार्थियों को फाउंडेशन द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। अधिक विवरण pnpanickerfoundation.org पर उपलब्ध हैं।

शुभकामनाओं सहित

**डॉ. जोसफ इमानुवल**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**नीचे दर्शाए अनुसार निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी विद्यालयों को सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ प्रतिलिपि:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया,नोएडा-201,309

3. सचिव, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
4. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110 054
7. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), केंद्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़ -160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791 111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर - 744101
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल - लद्दाख
12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश - 521 456
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, ईएसएसईएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली
14. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली -110001
15. सचिव, एडब्ल्यूईएस रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट -110010
16. अध्यक्ष, केमाशिबो के उप सचिव
17. सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक, केमाशिबो
18. केमाशिबो के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को भेजें।
19. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, केमाशिबो
20. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
21. प्रभारी आईटी एकक को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को केमाशिबो की शैक्षणिक वेबसाइट पर डाला जाए
22. प्रभारी, पुस्तकालय
23. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक (शैक्षणिक)**

**अनुलगनक - I**

## 28वें पठन दिवस, पठन सप्ताह और पठन माह समारोह के दौरान आयोजित की जाने वाली सुझावात्मक गतिविधियां

**19 जून - 18 जुलाई 2023**

- सेमिनार/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं आदि का आयोजन
- प्रश्नोत्तरी, वक्तृत्व, निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन
- ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता
- कविता पाठ, कहानी सुनाने की प्रतियोगिता
- सामूहिक पठन को बढ़ावा देना
- डिजिटल रीडिंग का अभ्यास
- 'सशक्तिकरण के लिए पढ़ना' के नारे के साथ जन दौड़ का आयोजन
- पठन आधारित गतिविधियों के लिए कठपुतली का आयोजन
- पढ़ने की आदत डालने के लिए नुक्कड़ नाटक
- विकास के लिए पढ़ने का चित्रण करने वाली लोक कलाएँ
- पठन सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु मैजिक शो
- डिजिटल पठन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम
- रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम
- लेखकों के साथ संवाद
- पुस्तक दान करें' के नारे के साथ अभियान
- 'रीडिंग फॉर डेवलपमेंट' स्लोगन के साथ मिनी मैराथन
- डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना
- स्कूल सभाओं और पंचायत ग्राम सभाओं में पठन शपथ लेना